आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 14.10.2024  समय : 1905

- केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज कहा कि भारत ने मात्र बाईस महीनों में सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में अस्सी प्रतिशत आबादी को कवर करते हुए 5जी दूरसंचार सेवाएं शुरू कर दी हैं।
- विदेशमंत्री डॉ. सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने आज नई दिल्ली में ई–माइग्रेट वी दो दशमलव शून्य वेब पोर्टल और मोबाइल ऐप का उद्घाटन किया।
- गरीबी रेखा से ऊपर, अंत्योदय अन्न योजना और प्राथमिकता वाले समूह के बचे हुए राशन कार्ड लाभार्थियों से इक्कतीस अक्तूबर तक ई–के वाई सी कराने का अनुरोध किया गया है।
- शैक्षणिक सत्र दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए अनुसूचित जनजाति के पात्र विद्यार्थियों के लिए सरकार की ओर से छात्रवृत्ति योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

<><><><><><><>

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज कहा कि भारत ने मात्र बाईस महीनों में सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में अस्सी प्रतिशत आबादी को कवर करते हुए 5जी दूरसंचार सेवाएं शुरू कर दी हैं। नई दिल्ली में पांचवीं वैश्विक मानक संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए श्री सिंधिया ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि 5जी नेटवर्क के प्रसार से दो हजार चालीस तक अर्थव्यवस्था में चार सौ पचास मिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश होने की उम्मीद है। श्री सिंधिया ने कहा कि भारत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ब्लॉकचेन, स्मार्ट सिटीज और ओपन सोर्स टेक्नोलॉजी के भविष्य को आकार दे रहा है। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ की महासचिव डोरेन बोगदान–मार्टिन ने कहा कि भारत उन कई देशों के लिए एक आदर्श है, जो डिजिटल परिवर्तन की तलाश कर रहे हैं। उन्होंने भारत में 5जी दूरसंचार सेवाओं के तेजी से शुरू होने और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में महत्वपूर्ण निवेश पर प्रसन्नता व्यक्त की।

<><><><><><><>

विदेशमंत्री डॉ. सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने आज नई दिल्ली में ई–माइग्रेट वी दो दशमलव शून्य वेब पोर्टल और मोबाइल ऐप का उद्घाटन किया। ई–माइग्रेट पोर्टल पर दो लाख इक्यासी हजार पंजीकृत विदेशी नियोक्ता हैं। डॉ. जयशंकर ने कहा कि ई–माइग्रेट वी दो दशमलव शून्य वेब पोर्टल का शुभारंभ भारतीयों के

लिए सुरक्षित, पारदर्शी और समावेशी गतिशीलता सृजित करने के सरकार के प्रयासों का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि इस सुविधा में चौबीस घंटे कार्य करने वाले बहुभाषीय हेल्पलाइन नंबरों जैसी सुविधा उपलब्ध है। डॉ. जयशंकर ने कहा कि इस पोर्टल का नया संस्करण विदेश में भारतीय कामगारों के अधिकारों और सम्मान की रक्षा करने के प्रति सरकार की वचनबद्धता को दर्शाता है।

<><><><><><><>

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने आज कहा कि भारत विश्वस्तरीय डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना विकसित कर चुका है। इस अवसंरचना ने उच्च गुणवत्ता के डिजिटल वित्तीय उत्पादों के विकास में सुविधा प्रदान की है। उन्होंने कहा कि देश अब विश्व के तीसरे महत्वपूर्ण जीवंत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र का केंद्र बन चुका है। यहां एक लाख चालीस हजार से अधिक स्टार्टअप और एक सौ से अधिक यूनिकॉर्न हैं। नई दिल्ली में आज आरबीआई एट 90 उच्चस्तरीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री दास ने यह बात कही। उन्होंने बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों को इन जोखिमों से निपटने के लिए पर्याप्त जोखिम निवारण उपाय करने को कहा। श्री दास ने बढ़ते ऋण पर भी चिंता व्यक्त की है।

<><><><><><><>

नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से आम जनता की सुविधा के लिए दक्षिण तथा मध्योत्तर अंडमान जिलों की ग्राम पंचायतों में विशेष आधार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कल और सोलह तारीख को बम्बूफ्लाट–एक, सत्रह और अट्ठारह तारीख को बम्बूफ्लाट–दो, मध्योत्तर अण्डमान के हरिनगर, रामनगर और शिवपुरम में शिविर लगेगा। बाईस और तेईस अक्तूबर को शोर प्वाइंट, चौबीस और पच्चीस अक्तूबर को स्टुअर्टगंज, दशरथपुर, बसंतीपुर, नबाग्राम में शिविर लगेगा। उनतीस और तीस अक्तूबर को होपटाउन में यह व्यवस्था की गई है। आम जनता से अनुरोध किया गया है कि वे इस विशेष शिविर का लाभ उठाएं।

<><><><><><><>

गरीबी रेखा से ऊपर अंत्योदय अन्न योजना और प्राथमिकता वाले समूह के बचे हुए राशन कार्ड लाभार्थियों से इक्कतीस अक्तूबर तक ई–के वाई सी कराने का एक बार फिर अनुरोध किया गया है। निर्धारित तिथि के बाद नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी। ऐसे सभी लाभार्थी नागरिक आपूर्ति विभाग के कमरा नम्बर बीस या अपने–अपने आपूर्ति विभाग के इकाईयों से संपर्क कर ई–के वाई सी करा सकते हैं। ऐसे सभी बचे हुए लाभार्थियों की सूची संबंधित उचित मूल्य की दुकानों मे भी जानकारी के लिए उपलब्ध कराया गया है।

इस बीच, अंत्योदय अन्न योजना और प्राथमिकता वाले समूह के एक से सत्रह वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का पांच वर्ष की आयु होने से पहले ही आधार बनाया गया था। इस कारण इनका ई– के वाई सी पूर्ण नहीं हो पा रहा है। ऐसे सभी लाभार्थियों से भी अपने नजदीकी केन्द्रों में जाकर आधार को तर्कसंगत बनाने को कहा गया है। आपूर्ति विभाग की ओर से लगातार आधार शिविरों का भी आयोजन किया जा रहा है। ऐसे लाभार्थी एक से सत्रह वर्ष आयु वर्ग तक के बच्चों के आधार में सुधार के लिए नागरिक आपूर्ति विभाग से भी संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री रोज़गार सृजन कार्यक्रम के तहत लाभार्थियों के लिए उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिन भावी उद्यमियों और लाभार्थियों के ऋण बैंकों की ओर से स्वीकृत किए जा चुके हैं, वे इसमें शामिल हो सकते हैं। पांच लाख रूपये तक की परियोजना वाले उम्मीदवारों के लिए पांच दिन तक और पांच लाख से ऊपर तक की परियोजना वालों के लिए यह प्रशिक्षण दस दिन का होगा। दो लाख रूपये तक वालों के लिए ये प्रशिक्षण अनिवार्य नहीं है। ऐसे उम्मीदवार जिन्हें ऋण स्वीकृति पत्र प्राप्त हो चुके हैं, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे उद्यमी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन ई डी पी प्रशिक्षण तुरंत ग्रहण करें। अधिक जानकारी के लिए ज़िला उद्योग केन्द्र या खादी ग्रामोद्योग बोर्ड से फोन पर भी संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

शैक्षणिक सत्र दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए अनुसूचित जनजाति के पात्र विद्यार्थियों के लिए सरकार की ओर से छात्रवृत्ति योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। प्री–मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के लिए उम्मीदवार जिनके अभिभावकों की वार्षिक आमदनी किसी स्त्रोत से सलाना ढाई लाख से अधिक नहीं है, वे इक्कतीस दिसम्बर तक आवेदन फार्म जमा कर सकते है। पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप योजना के लिए भी उम्मीदवार अगले वर्ष इक्कतीस जनवरी तक और अतिरिक्त छात्रवृत्ति योजना के लिए इक्कतीस दिसम्बर तक ही उम्मीदवार आवेदन जमा कर सकते हैं। उम्मीदवारों को राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल में ऑनलाईन आवेदन जमा करने होंगे। इसके लिए सभी स्कूल और कॉलेजों में सहायता के लिए एक समर्पित हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। सभी पात्र अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों से यू.टी प्रशासन और भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही वित्तीय सहयोग का लाभ उठाने का अनुरोध किया गया है।

<><><><><><><>

होसुर, तमिलनाडु में दो नवम्बर से आयोजित होने वाले उनचासवें राष्ट्रीय सब–जूनियर शतरंज चैम्पियनशिप के चयन प्रकिया के अंतर्गत अंडमान निकोबार चेस एसोसिएशन की ओर से बीस अक्तूबर को डेरीफार्म के सामुदायिक हॉल में पन्द्रह वर्ष से कम आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए सब–जूनियर चेस चैम्पियनशिप का आयोजन किया जाएगा। इनमें से सर्वश्रेष्ठ चार खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर किया जाएगा। पहली जनवरी दो हजार नौ या उसके बाद जन्मे खिलाड़ी इस चैम्पियनशिप में भाग ले सकते हैं। इन खिलाड़ियों का वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस ए आई सी एफ में पंजीकरण होना अनिवार्य है। इच्छुक खिलाड़ी अट्ठारह अक्तूबर तक चेस एसोसिएशन के पास सुबह दस बजे से शाम पांच बजे के बीच अपनी प्रविष्टियां जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कुछ भागों में वर्षा हुई। लांग आइलैंड में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक तेरह दशमलव पांच मिलीमीटर, मायाबंदर में दस दशमलव एक और श्री विजयपुरम में पांच दशमलव नौ मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई ।

<><><><><><><>